WORLD खबर EXPRESS
WORLD
खबर एक्सप्रेस
बुधवार 14 सितंबर 2022 | अंक - 330
www.worldkhabarexpress.media
www.worldkhabarexpress.com
www.twitter.com/worldkhabarexpress www.facebook.com/worldkhabarexpress www.youtube.com/worldkhabarexpress MID DA

# सीएसए नैक मूल्यांकन में बी प्लस पाने वाला देश का प्रथम कृषि विश्वविद्यालय






कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के मूल्यांकन में बी प्लस ग्रेड मिला है। ज्ञातव्य हो कि गत 25 से 27 जुलाई 2022 तक सीएसए में (नैक)- की 7 सदस्य टीम ने निरीक्षण किया था। तदोपरांत विश्वविद्यालय को बी ग्रेड हासिल हुआ था। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा गत 2 सितंबर 2022 को नैक मूल्यांकन समिति के समक्ष बैंगलोर में पुनः कंसीडरेशन हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों के साक्ष्य एवं प्रपत्रों को प्रस्तुत किया गया था। तदुपरांत पुनः विश्वविद्यालय को नैक द्वारा बी प्लस ग्रेड हासिल हुआ है। सीएसए के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने बताया कि सीएसए नैक एक्रिडिएशन पाने वाला देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय है। इस ग्रेड के मिलने के बाद से सीएसए को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से शोध हेतु फंड और अन्य योजनाओं में शामिल होने का सुनहरा मौका मिलेगा उन्होंने बताया कि अन्य कृषि विश्वविद्यालयों की अपेक्षा यहां के डिग्री धारकों को नौकरी में वरीयता भी मिलेगी। यह एक्रीडिएशन 5 साल के लिए मिला है। कुलपति ने कहा कि हमारा प्रयास है कि 5 साल बाद हमारे विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड मिल सके। इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। छात्रों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों,अधिकारियों में खुशी की लहर व्याप्त है।

राष्ट्रीय सहारा 15/12/2022

# महानगर कानपुर

'आपका शरीर भूत में रहता है और आप
वर्तमान में आ जाते हैं।' अपने विचारों ओ
को तनावमुक्त करने वाले, महान योग गु
पर सादर श्रद्धांजलि।

### नैक मूल्यांकन में बी प्लस पाने वाला

# देश का प्रथम संस्थान बना सीएसए

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के मूल्यांकन में बी प्लस ग्रेड मिला है। कुलपति ने बताया कि सीएसए नैक एक्रिडिएशन पाने वाला देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय है। इस उपलब्धि पर शिक्षकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों में खुशी की लहर व्याप्त है।

25 से 27 जुलाई 2022 तक सीएसए में नैक की सात सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया था। इसके बाद विश्वविद्यालय को बी ग्रेड हासिल हुआ था। कुलपति डॉ. डीआर सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा गत 2 सितंबर को नैक मूल्यांकन समिति के समक्ष बंगलुरु में पुनः कंसीडरेशन के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों के साक्ष्य और प्रपत्रों को प्रस्तुत किया गया था। इसके बाद पुनः विश्वविद्यालय को नैक द्वारा बी प्लस ग्रेड हासिल हुआ है। कुलपति ने बताया कि सीएसए नैक एक्रिडिएशन पाने वाला देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय है। इस ग्रेड के मिलने के बाद से सीएसए को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से शोध के लिए फंड और अन्य योजनाओं में शामिल होने का सुनहरा मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि अन्य कृषि विश्वविद्यालयों की अपेक्षा यहां के डिग्रीधारकों को नौकरी में वरियता भी मिलेगी। यह एक्रीडिएशन पांच साल के लिए मिला है। कुलपति ने कहा कि हमारा प्रयास है कि पांच साल बाद हमारे विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड मिल सके। इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। छात्रों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों, अधिकारियों में खुशी की लहर व्याप्त है।



**ग्रेड मिलने के बाद यूजीसी से शोध के लिए मिलेगा फंड**

**विवि के डिग्रीधारकों को नौकरी में मिलेगी वरीयता**

हिंदुस्तान कानपुर 15/12/2022

# सीएसए नैक में बी प्लस ग्रेड पाने वाला पहला कृषि विवि

- बी ग्रेडिंग प्राप्त करने के बाद विवि ने दोबारा कराया मूल्यांकन, बढ़ गई ग्रेड
- लगातार दो बार नैक का मूल्यांकन कराने और ग्रेड में सुधार का भी रिकॉर्ड है

कानपुर, वरिष्ठ संवाददाता। नैक में बी प्लस ग्रेड पाने वाला सीएसए देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय बन गया है। कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने सभी शिक्षक व अधिकारियों की टीम को बधाई दी है। वहीं, सीएसए देश का पहला विवि बन गया है, जिसने लगातार दो बार नैक का मूल्यांकन कराया और अपनी ग्रेड में सुधार किया।

यूजीसी के साथ केंद्र व प्रदेश सरकार ने सभी विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों को नैक से मूल्यांकन कराने का निर्देश दिया है। सीएसए विवि ने पहली बार आवेदन किया। नैक की सात सदस्यीय टीम ने 25 से 27 जुलाई के बीच कैंपस में आकर मूल्यांकन किया। हर बिंदुओं पर निगरानी करने के बाद विवि को बी ग्रेड दिया गया। इस मूल्यांकन से असंतुष्ट कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने दो सितंबर को नैक मूल्यांकन समिति के सामने बेंगलुरू में दोबारा गतिविधियों के साक्ष्य व प्रपत्रों को प्रस्तुत किया। इसके फलस्वरूप नैक ने विवि को बी-प्लस ग्रेड प्रदान की है। ग्रेड मिलने के बाद सीएसए को यूजीसी से शोध के लिए फंड और अन्य योजनाओं में शामिल होने का सुनहरा मौका मिलेगा। वहीं, अन्य कृषि विश्वविद्यालयों की अपेक्षा यहां के डिग्रीधारक छात्रों को नौकरी में वरीयता मिलेगी। यह एक्रीडिएशन पांच साल के लिए मिला।

# नैक ग्रेड पाने वाला देश का पहला कृषि विवि बना सीएसए

अमर उजाला कानपुर 15/12/2022

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) से एक्रिडिएशन पाने वाला देश का पहला कृषि विवि बना है। नैक के मूल्यांकन में सीएसए को बी प्लस ग्रेड मिला है।

## दोबारा मूल्यांकन के बाद मिला बी प्लस ग्रेड

25 से 27 जुलाई तक सीएसए में नैक की सात सदस्यीय टीम ने निरीक्षण किया था। तब बी ग्रेड हासिल हुआ था। दो सितंबर को नैक मूल्यांकन समिति के समक्ष पुनः मूल्यांकन के लिए विवि की विभिन्न गतिविधियों के साक्ष्य और प्रपत्रों को प्रस्तुत किया गया था। उसके बाद विवि को नैक ने बी प्लस ग्रेड दिया है।

सीएसए के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने बताया कि सीएसए नैक एक्रिडिएशन पाने वाला देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय है। इस ग्रेड के मिलने के बाद से सीएसए को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से शोध के लिए फंड और अन्य योजनाओं में शामिल होने का सुनहरा मौका मिलेगा। अन्य कृषि विवि की अपेक्षा यहां के डिग्री धारकों को नौकरी में वरीयता भी मिलेगी। (संवाद)

आज 15/12/2022

# सीएसए नैक मूल्यांकन में बी प्लस पाने वाला देश का प्रथम कृषि विश्वविद्यालय

कानपुर, 14 दिसम्बर । चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के मूल्यांकन में बी प्लस ग्रेड मिला है। विगत 25 से 27 जुलाई 2022 तक सीएसए में (नैक)-की 7 सदस्य टीम ने निरीक्षण किया था। तदोपरांत विश्वविद्यालय को बी ग्रेड हासिल हुआ था। सीएसए के कुलपति डा. डी.आर. सिंह के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में विवि प्रशासन की ओर से विगत 2 सितंबर 2022 को नैक मूल्यांकन समिति के समक्ष बैंगलोर में पुनः कंसीडरेशन हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों के साक्षय एवं प्रपत्रों को प्रस्तुत किया गया था। इसके बाद सीएसए को नैक द्वारा बी प्लस ग्रेड हासिल हुआ। सीएसए के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने बताया कि सीएसए नैक एक्रिडिएशन पाने वाला देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय है। इस ग्रेड के मिलने के बाद से सीएसए को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से शोध हेतु फंड और अन्य योजनाओं में शामिल होने का सुनहरा मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि अन्य कृषि विश्वविद्यालयों की अपेक्षा यहां के डिग्री धारकों को नौकरी में वरीयता भी मिलेगी। यह एक्रीडिएशन 5 साल के लिए मिला है। कुलपति ने कहा कि हमारा प्रयास है कि 5 साल बाद हमारे विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड मिल सके। इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। छात्रों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों,अधिकारियों में खुशी की लहर व्याप्त है।

14 Dec dt.pdf



# सीएसए नैक मूल्यांकन में बी प्लस पाने वाला देश का प्रथम कृषि विश्वविद्यालय

**डीटीएनएन**

कानपुर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के मूल्यांकन में बी प्लस ग्रेड मिला है। ज्ञातव्य हो कि गत 25 से 27 जुलाई 2022 तक सीएसए में (नैक)-की 7 सदस्य टीम ने निरीक्षण किया था। तदोपरांत विश्वविद्यालय को बी ग्रेड हासिल हुआ था। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह के नेतृत्व एवं कुशल मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा गत 2 सितंबर 2022 को नैक मूल्यांकन समिति के समक्ष बैंगलोर में पुनः कंसीडरेशन हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों के साक्ष्य एवं प्रपत्रों को प्रस्तुत किया गया था। तदुपरांत पुनः विश्वविद्यालय को नैक द्वारा बी प्लस ग्रेड हासिल हुआ है। सीएसए के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने बताया कि सीएसए नैक एक्रिडिएशन पाने वाला देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय है। इस ग्रेड के मिलने के बाद से सीएसए को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से शोध हेतु फंड और अन्य योजनाओं में शामिल होने का सुनहरा मौका मिलेगा उन्होंने बताया कि अन्य कृषि विश्वविद्यालयों की अपेक्षा यहां के डिग्री धारकों को नौकरी में वरीयता भी मिलेगी। यह एक्रीडिएशन 5 साल के लिए मिला है। कुलपति ने कहा कि हमारा प्रयास है कि 5 साल बाद हमारे विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड मिल सके। इसके लिए अभी से तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। छात्रों, शिक्षकों, वैज्ञानिकों,अधिकारियों में खुशी की लहर व्याप्त है।






# सीएसए को नैक मूल्यांकन में बी प्लस ग्रेड मिला

जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर। सीएसए को राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के मूल्यांकन में बी प्लस ग्रेड मिला है। सीएसए में गत 25 से 27 जुलाई 2022 तक नैक की 7 सदस्यीय टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में विश्वविद्यालय को बी ग्रेड प्राप्त हुआ था। जिसके बाद विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ.डी.आर. सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा गत 2 सितंबर 2022 को नैक मूल्यांकन समिति के समक्ष बैंगलोर में पुनः कंसीडरेशन के लिए विश्वविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों के साक्ष्य एवं प्रपत्रों को प्रस्तुत करने पर दूसरी बार विश्वविद्यालय को नैक द्वारा बी प्लस ग्रेड हासिल हुआ है। डॉ.डी.आर. सिंह ने बताया कि सीएसए नैक एक्रिडिएशन पाने वाला देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय है। इस ग्रेड के मिलने के बाद से सीएसए को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) से शोध के लिए फंड और अन्य योजनाओं में शामिल होने का मौका मिलेगा। अन्य कृषि विश्व विद्यालयों की अपेक्षा यहां के डिग्री धारकों को नौकरी में वरीयता भी मिलेगी। 5 साल के लिए मिले इस एक्रीडिएशन के बाद हमारे विश्वविद्यालय को ए प्लस ग्रेड मिल सके इसके लिए हम प्रयासरत हैं।